हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

12 सार्वजनिक शिक्षा बचाने के लिए अध्यापकों ने किया सत्याग्रह



12 एनसीसी कैडेट्स ने किया घुड़सवारी का प्रदर्शन



खबर संक्षेप

सरकारी राशन का गेहूं चुराने में दो गिरफ्तार

हिसार। सदर थाना पुलिस ने सरकारी राशन डिपो से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सरकारी राशन के गेहूं के दो कट्टे बरामद किए। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में गोरछी निवासी सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि सरकारी राशन डिपो से गेहूं के कट्टे चोरी कर लिए गए हैं। मामले की जांच के दौरान सदर थाना में तैनात मुख्य सिपाही कुलदीप ने कार्रवाई करते हुए न्योली कलां निवासी मुकेश व रोहताश को गिरफ्तार किया।

गोदाम से 50 क्विंटल गेहूं चोरी में एक काबू

हिसार। मुकलान के पास स्थित गेहूं गोदाम का ताला तोड़कर करीब 50 क्विंटल गेहूं चोरी करने के मामले में आजाद नगर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खारा खेड़ी गांव निवासी मंगल के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कही है। पुलिस के अनुसार आजाद नगर थाना में गांव मुकलान निवासी महेश की शिकायत पर गेहूं गोदाम में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच मुख्य सिपाही गौतम ने की। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी मंगल ने बताया कि उसने अपने साथियों रामकुमार उर्फ हनुमान, अजय उर्फ घोलू, धर्मेंद्र और मोनू के साथ मिलकर 29 अप्रैल की रात गांव मुकलान के पास स्थित गेहूं के गोदाम का ताला तोड़कर करीब 50 क्विंटल गेहूं चोरी किया था। आरोपी के अनुसार चोरी किया गया गेहूं पिकअप गाड़ी में लादा गया था, लेकिन गाड़ी खाली जमीन में फंस गई। इसके बाद सभी आरोपियों ने गेहूं को खेत में उतार दिया और सुबह होने पर मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार आरोपी मंगल ने वारदात स्थल की निशानदेही करवाने की बात कही है।

धांसू से गेहूं चुराने का एक आरोपी दबोचा

हिसार। सदर पुलिस ने धान्सू गांव में प्लॉट से गेहूं के दो कट्टे चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में धान्सू गांव निवासी सुरजीत की शिकायत पर गेहूं चोरी का केस दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि 28 सितंबर को दोपहर करीब 1 से 1:30 बजे के बीच उसके घर के प्लॉट से गेहूं के दो कट्टे चोरी कर लिए गए। मामले की जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक शमशेर ने कार्रवाई करते हुए बुगाना निवासी अंकुर को गिरफ्तार किया।

जंतर-मंतर प्रदर्शन में जाने से पहले हिरासत में लिए हिसार के 28 युवा

राजगढ़ रोड पर सुबह करीब चार बजे पुलिस ने रोका, दोपहर एक बजे सभी को छोड़ा, हिरासत के दौरान युवाओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर शुक्रवार को प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे हिसार के 28 युवाओं को पुलिस ने सुबह करीब चार बजे राजगढ़ रोड से हिरासत में ले लिया।

पुलिस युवाओं को सिविल लाइन थाना ले गई। करीब नौ घंटे बाद दोपहर एक बजे सभी युवाओं को छोड़ दिया गया। हिरासत में लिए जाने के दौरान युवाओं ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया।

हिसार से हुए थे रवाना

जानकारी के अनुसार अलग-अलग संगठनों से जुड़े युवा दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए हिसार से रवाना हुए थे। पुलिस को युवाओं के दिल्ली जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद राजगढ़ रोड पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया और अपने साथ सिविल लाइन थाने ले गई। हिरासत में लिए गए युवाओं में शाहनवाज भट्टी, प्रधान बार एसोसिएशन फतेहाबाद, डीवाईएफआई के राज्य अध्यक्ष मुकेश, प्रदीप बेनीवाल और पंकज बगला सहित अन्य युवा शामिल बताए गए।



हिसार। युवाओं को डिटेन करती पुलिस। माकपा के जिला सचिव ने कहा कि किसी भी प्रकार की सभा की अनुमति न देना और शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से पहले ही युवाओं को गिरफ्तार कर लेना मौलिक अधिकारों का हनन है।

थाने पहुंचे संगठन के लोग, रिहा करने की मांग

युवाओं को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलने पर सामाजिक और किसान संगठनों से जुड़े लोग सिविल लाइन थाना पहुंचे। उन्होंने युवाओं को तत्काल छोड़ने की मांग की। किसान नेता शमशेर नंबरदार ने कहा कि युवा अपनी आवाज उठाने के लिए दिल्ली जा रहे थे और उन्हें इस तरह रोकना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी बड़ी संख्या में युवा मुख्यमंत्री से मिलने की मांग को लेकर कई घंटे तक सड़क पर बैठे थे। दोपहर करीब एक बजे पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी 28 युवाओं को छोड़ दिया। युवाओं के छोड़े जाने के बाद सामाजिक और किसान संगठनों ने थाने में प्रस्तावित धरना और आंदोलन रद्द कर दिया। माकपा के जिला सचिव दिनेश सचिव ने दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में भाग लेने जा रहे युवाओं और विद्यार्थियों को पुलिस हिरासत में लेने की कड़े शब्दों में निंदा की है।

हकृवि में सतत कपास उत्पादन-फसल विविधीकरण व जल संसाधन सुरक्षा विषय पर कृषि मेला संपन्न

6 राज्यों से 1.46 लाख किसान पहुंचे, रबी फसलों के 3.56 करोड़ से अधिक के बीज व उत्पाद खरीदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला रबी में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के 1 लाख 46 हजार किसानों ने भाग लिया। किसानों ने मेले में उन्नत किस्म के बीजों, कृषि विधियों, सिंचाई यंत्रों, कृषि मशीनरी आदि की जानकारी भी हासिल की। दो दिवसीय मेले के दौरान 3 करोड़ 56 लाख 3 हजार 910 रूपये के बीज, कृषि साहित्य व अन्य उत्पादों की बिक्री हुई।

सयुक्त निदेशक विस्तार डॉ कृष्ण यादव ने बताया कि मेले में किसानों ने 3 करोड़ 51 लाख 71 हजार 300 रूपये के रबी फसलों के प्रमाणित बीज तथा फलदार पौधे व सब्जियों के बीज खरीदें। बीजों के अलावा किसानों ने 3 लाख 29 हजार रुपये के जैव उर्वरक तथा 38 हजार रुपये का कृषि साहित्य भी खरीदा। कृषि मेले में मिट्टी व पानी जांच सेवा का लाभ उठाते हुए मिट्टी व पानी के 771 नमूनों की जांच करवाई गई। मेले में 58 हजार रुपये के टिश्यू कल्चर प्लांट भी बेचे गए। उन्होंने ने बताया कि मेले में लगाई गई कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी किसानों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। इस प्रदर्शनी में कुल 350 स्टॉलें लगाई गई। मेले के अन्तिम दिन बीज बिक्री केन्द्रों एवं स्टालों पर किसानों की भारी गहमा-गहमी रही।





हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला रबी में खरीद के लिए किसानों की लगी लंबी लाइन व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

कृषि मेला किसानों के लिए ज्ञान, तकनीक और नवाचार का संगम : प्रो. काम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) का समापन हुआ। इस वर्ष के मेले का थीम 'सतत कपास उत्पादन- फसल विविधीकरण एवं जल संसाधन सुरक्षा' इसीलिए रखा गया है ताकि किसानों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके। मेले के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहें। कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती के अवसर पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की सुविधा और कपास की खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा कपास की चुगाई के लिए बड़ी मशीन विकसित की गई है, जो एक एकड़ कपास की चुगाई लगभग 45 मिनट में कर सकती है। इसी दिशा में किसानों के लिए ऐसी छोटी एवं सुविधाजनक मशीन तैयार करने पर भी कार्य किया जाएगा, ताकि छोटे एवं मध्यम किसानों को भी मशीनरी का लाभ मिल सके।

मेले में किसानों की रिकॉर्ड भागीदारी

कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने सम्बोधन मे किसानों से कपास उत्पादन को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने के लिए उन्नत किस्मों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोगों की समेकित रोकथाम तथा वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कपास की फसल में अनावश्यक कीटनाशकों के प्रयोग से बचने तथा आवश्यकता के अनुसार वैज्ञानिक विधियों से कीट प्रबंधन करने पर बल दिया। अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के 56 वर्षों के इतिहास में इस बार आयोजित कृषि मेला रबी-2026 में किसानों की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली है और किसानों की भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा नई तकनीकों की जानकारी देने के लिए अब तक की सबसे ज्यादा 350 स्टालें लगाई गई। प्रश्नोतरी सत्र मे किसानों ने विभिन्न फसलों, बिमारियों, पशुओं व मत्स्य पालन संबंधी सवाल पूछे तथा वैज्ञानिको ने उनके जवाब दिए। मंच संचालन डॉ कनिका रानी व श्वेता ने किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉल पुरस्कृत

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ नरेश कौशिक ने बताया कि प्रगतिशील किसान समूह में यमुनानगर के रजनीश कुमार ने प्रथम, कैथल के राजेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कुलबीर व शमशेर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। विश्वविद्यालय स्तर पर सीसीएसएचएयू विभाग समूह में गन्ना अनुभाग ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में कपास अनुभाग व सब्जी विज्ञान विभाग संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एग्री-टूरिज्म और कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमएचयू/लुवास और सरकारी विभाग समूह में लुवास, हिसार को प्रथम, एमएचयू, करनाल को द्वितीय तथा बागवानी विभाग हरियाणा व भेड़ प्रजनन फार्म हिसार को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार मिला। अंत में, विविध समूह में सिवानी बोलन इंडस्ट्रीज पहले, यूनिवर्सिटी सप्लाई चेन दूसरे और बीकेटी टायर्स व एबीक स्टार्टअप संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

फर्जी संपत्ति प्रमाण पत्र देकर 90 हजार ठगे आरोपी गिरफ्तार

हांसी। नगर परिषद में मकान का नामांतरण कराने के नाम पर 90 हजार रुपये लेकर फर्जी संपत्ति प्रमाण पत्र देने के मामले में किला बाजार चौकी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लाल सड़क निवासी कर्मबीर सिंह उर्फ करमू उर्फ समीर के रूप में हुई है। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से ठगी की रकम में से 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। एसआई अनिल कुमार ने बताया कि किला बाजार चौकी में 25 मई 2026 को धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कर्मबीर सिंह उर्फ करमू उर्फ समीर ने उससे नगर परिषद हांसी में मकान का नामांतरण करवाने के नाम पर उससे 90 हजार रुपये लिए थे। इसके बाद आरोपी ने उसे एक संपत्ति प्रमाण पत्र दिया। जांच के दौरान नगर परिषद के रिकॉर्ड में यह प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी जिला जेल भोंडसी, गुरुग्राम में बंद था। अदालत से प्रोडक्शन वारंट लेकर 1 अक्टूबर को उसे मुकदमे की जांच में शामिल किया गया और साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। अदालत से एक दिन का पुलिस रिमांड मिलने के बाद पूछताछ में आरोपी से ठगी के 20 हजार रुपये बरामद किए गए। शुक्रवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दोबारा जिला जेल भोंडसी भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

हिसार बाइपास पर 2 किलो 106 ग्राम चरस के साथ आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सीआईए की टीम ने 2 किलो 106 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बीड़ फार्म निवासी अक्षय के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि सीआईए 2 की टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान सिसाय पुल क्षेत्र में मौजूद थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि अक्षय चरस की खेप लेकर हिसार बाइपास पर रॉयल सिटी सोसायटी के गेट के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 106 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने नियमानुसार तलाशी ली तो आरोपी के हाथ में पकड़े थैले से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। वजन करने पर चरस की कुल मात्रा 2 किलो 106 ग्राम मिली। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर नियमानुसार सील कर दिया।



सप्लाई नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी से चरस की खरीद-फरोख्त और सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

हेरोइन सप्लायर गिरफ्तार 4 दिन के रिमांड पर लिया

नारनौंद। पुलिस टीम ने 8.22 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नरसी निवासी मोठ रंगड़ान के रूप में हुई है। आरोपी नरसी को अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस रिमांड के दौरान उससे हेरोइन की सप्लाई के स्रोत, खरीद-फरोख्त तथा मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही हैं। उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि 29 सितंबर को सीआईए नारनौंद की टीम अपराध की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। इस दौरान गांव राजथल की तरफ हांसी ब्रांच नहर के साथ कच्चे रास्ते पर एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया। शक के आधार पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक साहिल उर्फ बागड़ी निवासी नारनौंद की पहनी हुई लोअर से 8.22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस संबंध में थाना नारनौंद में मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपित साहिल उर्फ बागड़ी ने बताया कि उसने बरामद हेरोइन नरसी निवासी मोठ रंगड़ान से खरीदी थी। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा नरसी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने नरसी को काबू कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

लंपी से जूझ रहे 23 गोवंश, सात की मौत मदद की बाट में अस्थायी आइसोलेशन सेंटर

कैमरी रोड पर राधा स्वामी आश्रम के पास चल रहा उपचार केंद्र

चारे, दवाइयों और शेड के लिए मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) से ग्रस्त गोवंश के उपचार के लिए गो रक्षा संगठन के अंतर्गत कैमरी रोड स्थित राधा स्वामी आश्रम के समीप बनाए गए अस्थायी आइसोलेशन सेंटर में अब तक 23 गोवंश लाए जा चुके हैं, जिनमें सात की मौत हो चुकी है। गो रक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल के अनुसार, यह आंकड़ा केवल इस अस्थायी केंद्र का है। शहर व जिले के अन्य स्थानों पर इस बीमारी से कितने गौवंश प्रभावित हैं या कितनों की मौत हुई है, इसका कोई समेकित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

राजपाल ने बताया कि केंद्र में अब तक 11 बछड़िया, चार गाय और आठ नंदी लाए गए। इनमें तीन बछड़ियों, दो गाय और दो नंदियों की मौत हो चुकी है। 18 सितंबर को कैमरी रोड पर एक बीमार बछड़ी को कोई गोशाला की एंबुलेंस ले जाने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने संगठन के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों सत्यवान, अंकित, मनीष, गोल्डी, चंदन, हितेष, अरमान, दर्शन, देव, पंकज व परिक्षित के साथ बैठक की और फिर समाजसेवी विनोद गावडिया से संपर्क किया। उन्होंने राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास करीब 2,500 वर्गगज जगह अस्थायी आइसोलेशन सेंटर बनाने के लिए उपलब्ध करवा दी। यहां वेटनरी सर्जन डॉ. रजत निशुल्क सेवाएं दे रहे हैं।


एक के बाद एक पहुंचते रहे बीमार गोवंश



राजपाल के अनुसार, 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मंगाली, कुरुक्षेत्र, तलवंडी राणा, भिवानी, बाढड़ा, बरवाला, किकराल, माजरा प्याऊ, दुर्जनपुर, हांसी और सरसाना समेत विभिन्न स्थानों से बीमार गोवंश यहां लाए गए। शुक्रवार को सरसाना के एक पशुपालक ने एक गाय और एक बछड़ी तथा तलवंडी राणा गोशाला की एंबुलेंस ने एक नंदी केंद्र में छोड़ा। उन्होंने बताया कि केंद्र के लिए अब तक 3,700 रुपये की आर्थिक सहायता मिली है। इसमें शुक्रवार को सरसाना के पशुपालक ने 1,600 रुपये और किकराल व माजरा प्याऊ के पशुपालकों ने 2,100 रुपये दिए। राजपाल ने बताया कि बीमार गौवंश के उपचार के लिए हल्दी पाउडर, अजवायन, देसी घी, दलिया, दवाइयां, हरा चारा और गुड़ की जरूरत है। उन्होंने लोगों से केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखने और अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करने की अपील की।

राजथल में लंपी के कारण एक गाय की हुई मौत

नारनौंद। गायों में पिछले काफी दिनों से लंपी की खतरनाक बीमारी फैली हुई है। इस बीमारी के कारण शुक्रवार को एक गाय की और मौत हो गई। इससे पहले भी गांव में चार गाय इस बीमारी की चपेट में आने के कारण मर चुकी हैं। गांव में अभी इस बीमारी का प्रकोप बना हुआ है। पशुपालन विभाग के कर्मचारी लगातार बीमारी पर रोकथाम के लिए टीकाकरण कर रहे हैं। काफी गायों का सैंपल लेकर हिसार की लैब में जांच के लिए भी भेजा गया है। क्षेत्र में गोवंश में लंपी रोग की आशंका को देखते हुए पशुपालन विभाग ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में जिला पशु रोग निदान प्रयोगशाला हिसार की टीम ने गांव राजथल में पहुंचकर लंपी संदिग्ध गोवंश की जांच की व आवश्यकतानुसार सैंपल लेकर उन्हें जिला स्तरीय पशु रोग निदान प्रयोगशाला हिसार में जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही रोग की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लंपी की बीमारी फैलने के कारण गांव राजथल में शक्ति सिंह, शीलू मान, बिल्लू, हरपाल सैनी व एक बेसहारा गाय की मौत हो चुकी है। राजस्थान में किसान शीलू की गाय पिछले काफी दिनों से इस बीमारी से पीड़ित थी। टीकाकरण भी करवाया गया था। शुक्रवार को गाय ने दम तोड़ दिया। पशु चिकित्सक डॉ. अमित शर्मा, नारनौंद के पशु चिकित्सक डॉ. विनय क्षेत्र में लंपी रोग की स्थिति, संदिग्ध पशुओं की पहचान, बचाव के उपाय तथा पशुओं की देखभाल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संदिग्ध गोवंश के लिए शिविर लगाकर संबंधित रोगों में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई तथा पशुओं की जांच की गई। उन्होंने बताया की लंपी रोग की आशंका संबंधी सूचनाएं सामने आ रही थीं। इसी रोग के कारण पहले चार गायों की मौत भी हो गई थी।



शहीद सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप यादव को किया नमन

शहीदों के बलिदान की वजह से ही आज हम सुरक्षित

सीआरपीएफ सोनीपत की टुकड़ी ने सैन्य सम्मान के साथ अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहीद सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप यादव की 37वें शहीदी दिवस पर शुक्रवार को ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ सोनीपत की एक प्लाटून द्वारा श्रद्धांजलि समारोह किया गया। इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ की प्लाटून ने शहीद के पैतृक गांव मिलकपुर-2 पहुंच शहीद स्मारक पर सैन्य सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



हांसी। शहीद रामस्वरूप यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते मिलकपुर के गणमान्य व्यक्ति।

अमृतसर में उग्रवादियों का दिया था मुंहतोड़ जवाब

प्लाटून कमांडर इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने बताया कि शहीद सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप यादव ने आज से 37 वर्ष पूर्व 2 अक्टूबर 1989 को रात करीब 9 बजे पंजाब के अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा सीआरपीएफ की कानबाई की एक गाड़ी को बम ब्लास्ट से उड़ा दिया था तथा उसके बाद घात लगाकर बैठे उग्रवादियों द्वारा किए के हमले के बाद हुई एक मुठभेड़ में बहादुरी का परिचय देते हुए उग्रवादियों द्वारा छिप की जा रही गोली बारी का मुंह तोड़ जवाब दिया था जिसके बाद उग्रवादी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे।

जीवन कुर्बान करके की थी देश की हिफाजत

सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप यादव गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद उग्रवादियों को खदेड़ने के बाद अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देकर उग्रवादियों के मंसूबों पर पानी फेर देश की हिफाजत की थी। उन्होंने कहा कि देश की सेना व अर्धसैनिक बलों के जवानों की शहादत और उनके बुलंद हौसले की बदौलत हम अपने घरों में चैन की नींद सो रहे हैं। इस अवसर पर इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह के नेतृत्व में एएसआई बीएस गिल, मुख्य सिपाही अनूज कुमार, कांस्टेबल मुकेश कुमार, रमन कुमार व संदीप कुमार ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन आनंद सरपंच भीम सिंह यादव, अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष एलएन यादव, ग्राम विकास मंडल के अध्यक्ष राजेश यादव, एडवोकेट वीरेंद्र यादव, रिटायर्ड एसआई व बाबा बलदेव मुनि मंदिर सभा के प्रधान पवन कुमार, रिटायर्ड हैड मास्टर राजेन्द्र यादव, बाबा बलदेव मंदिर सभा के कोषाध्यक्ष पूर्णमल यादव, पूर्व सरपंच व रिटायर्ड हैड मास्टर वयोवृद्ध रामस्वरूप यादव, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजमल यादव, बैंक मैनेजर अनिल कुमार, रिटायर्ड एसआई पुर्ण चंद यादव, रिटायर्ड सुबेदार कांसी राम, जोगिंदर यादव, रिटायर्ड सुबेदार मेजर सुभाष यादव,, पूर्व जीवीएम अध्यक्ष धर्मवीर सिंह यादव, दिनेश यादव उनके बेटे राजेश यादव व पौत्र अमन यादव सहित परिवार के सदस्यों सहित काफी संख्या में गांव के गणमान्य उपस्थित रहे।



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर


नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन




एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

छात्रों ने जिला न्यायालय का किया दौरा

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के एडीसीजीसी के छात्रों ने जिला न्यायालय का दौरा कर किशोर न्याय अधिनियम, 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के विभिन्न पहलुओं को समझा। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नवदीप सिंधू तथा अधिवक्ता अतुल परमार, ज्योति ढांडा और अंशिका गर्ग के साथ बाल न्याय एवं मनोविज्ञान के संबंध पर व्यावहारिक चर्चा हुई। इस अवसर पर जीजेयू के छात्र भावना, प्रियांशी, ममता, मेनका और संदीप कुमार उपस्थित रहे।

पौधरोपण के साथ हुई लेख प्रतियोगिता

हिसार। गोमती देवी विद्या मंदिर, सातरोड़ कलां में विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति एवं सनातन संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पौधारोपण एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'भारत को जानो', 'पर्यावरण रक्षा' एवं 'सनातन धर्म' जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रधान प्रवीण हिंदू ने की। विशेष आमंत्रित अतिथि भाजपा मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अजय पूनिया एवं वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष भानू सिंगला ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महात्मा गांधी जयंती पर मनाया अहिंसा दिवस

हिसार। अणुव्रत समिति की ओर से महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अहिंसा दिवस मनाया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पड़ाव स्थित लेबर चौक पर पहुंचकर लोगों को नशे से दूर रहने तथा अहिंसा का मार्ग अपनाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के अलावा डॉ. सतेंद्र यादव, अनिल जैन, विनोद जैन, सुनील मित्तल, राजकुमार सोनी, जगदीश राय गर्ग, जय भगवान लाडवाल, सुधीर सोनी, प्रेम कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद ने किया सेवा कार्यक्रम

आदमपुर। गांधी जयंती के अवसर पर भारत विकास परिषद्, शाखा आदमपुर द्वारा हुडा पार्क, सिविल हॉस्पिटल के सामने सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। परिषद् सदस्यों ने हुडा पार्क में स्वच्छता अभियान चलाते हुए 5 पौधे लगाए। इस दौरान करीब 60 लोगों के बीपी एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की गई।

दिव्यांग केंद्र में लगाया नेत्र ऑपरेशन शिविर

हिसार। वीवीडीएन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया। हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने 25 जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की। इस दौरान उचित परामर्श के साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई।

कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी को किया नमन

बरवाला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस बरवाला शहरी अध्यक्ष सुनील मित्तल के कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए याद किया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बरवाला ग्रामीण श्रवण वर्मा, कैलाश कक्कड़, राजेंद्र कदावला, संदीप वाल्मीकि, गुलशन रहेजा, नवीन सेन, गुलशन सैनी, मान सिंह, रामस्वरूप मदान व संजय सैनी समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धान की खरीद में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक

हांसी अनाज मंडी का दौरा कर लिया खरीद प्रक्रिया का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। अनाज मंडी में धान की खरीद फरोख्त को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते विधायक विनोद भयाना व अन्य।

विधायक विनोद भयाना ने शुक्रवार को हांसी अनाज मंडी का दौरा कर धान की खरीद को लेकर की गई तैयारियों और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं व्यापारियों से खरीद प्रक्रिया की तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि मंडी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

विधायक ने कहा कि किसानों की फसल की खरीद में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा खरीद के साथ-साथ मंडी से फसल का उठान भी तेजी से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में फसल के अधिक समय तक पड़े रहने की स्थिति उत्पन्न न हो, ताकि किसानों को अपनी फसल उतारने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे।

विधायक विनोद भयाना ने मंडी में नमी जांच यंत्र का निरीक्षण किया और इसकी उपलब्धता एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने किसानों एवं मजदूरों के लिए उपलब्ध शौचालय, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मार्केट कमेटी के प्रधान दिनेश धवन, उप प्रधान सुरजीत गुर्जर, विधायक विनोद भयाना के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, हरिकेश सिंगल, बजरंग बंसल, विवेक, बृजमोहन, विनोद सैनी, नवीन ठाकुर, सुभाष यादव, अशोक ढालिया, गोलू चावला, जस्सी मक्कड़ सहित अन्य व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जिला प्रशासन की ओर से डीएफएससी अनुराधा, मार्केट कमेटी के सचिव बसाऊ राम, निरीक्षक प्रदीप सैनी, मैनेजर रविंद्र शर्मा तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी और भगत सिंह अपने सिद्धांतों पर सदैव अडिग रहेः सुभाषिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद सुभाषिनी अली।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन एवं अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला कमेटियों की ओर से जिला बार एसोसिएशन के बार रूम में गांधी व भगत सिंह की दूसरी शहादत विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार की मुख्य वक्ता पूर्व सांसद, जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन लक्ष्मी सहगल की बेटी सुभाषिनी अली सहगल रहीं।

कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता लॉयर्स यूनियन के एडवोकेट फूल कुमार सांगवान व जनवादी महिला समिति की शकुंतला जाखड़ ने की। सुभाषिनी अली सहगल ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी और भगत सिंह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे और देश के लिए कुर्बानी देने से कभी पीछे नहीं हटे। दोनों ने सांप्रदायिकता और जात-पात का डटकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि आज गांधी और भगत सिंह की तस्वीरों पर औपचारिक रूप से माल्यार्पण तो किया जाता है, लेकिन उनके विचारों को अपनाने की दिशा में अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं देती।

किलोमीटर स्कीम की बसों से बढ़ रहीं सड़क दुर्घटनाएं : यूनियन

हिसार। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित बसों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। यूनियन का कहना है कि किलोमीटर स्कीम की बसों से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। हरियाणा कर्मचारी महासंघ व एटक से संबंधित रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयवीर घणघस, हिसार डिपो प्रधान संदीप जैनावास व डिपो सचिव प्रदीप डाबड़ा ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि किलोमीटर स्कीम की बसों के चालक अप्रशिक्षित हैं और ठेके पर रखे गए हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। किलोमीटर स्कीम की बसों का रंग-रूप हरियाणा रोडवेज की सरकारी बसों जैसा ही है। ऐसे में दुर्घटना होने पर भ्रम पैदा होता है कि हादसा सरकारी रोडवेज बस से हुआ है।



हिसार। स्वर्गीय मनोहर लाल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अस्पताल संस्थापक की याद में लगाया मेडिकल चेकअप कैंप

हिसार। सेवक सभा चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल में संस्थापक मनोहर लाल गर्ग की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को निशुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प लगाया गया। कैंप की शुरुआत सेवक सभा चैरिटेबल ट्रस्ट हस्पताल में ट्रस्टी कुसुम रावलवासिया, धर्मेंद्र गोयल, गौरी शंकर जैन, नवीन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की। इस मौके पर ट्रस्ट से अरविंद बंसल, मुकेश बंसल व अस्पताल प्रशासन, अस्पताल के सभी चिकित्सक व स्टॉफ ने स्वर्गीय मनोहर लाल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवक सभा चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल के सचिव धर्मेंद्र गोयल ने बताया कि इस अवसर पर 600 से अधिक मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। अस्पताल में ओपीडी के लिए पहुंचे सभी मरीजों को परामर्श, एक्स-रे, ईसीजी, मरहम पट्टी, फिजियोथ्रेपी व रक्त जांच की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर रामअवतार जिंदल, संजीव बंसल, अश्वनी लाहौरिया, सुधीर सिंगल, राजीव सातरोडिया, जगमोहन जिंदल, अमित जैन एडवोकेट,नरेश जिंदल, विकास जैन, राहुल बंसल आदि उपस्थित थे।

गुजवि में हुई 'एक्सेल विद एआई' कार्यशाला

400 से अधिक विद्यार्थियों ने सीखीं आधुनिक तकनीकें

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के डेटावर्स क्लब द्वारा आईईसीएस के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय 'एक्सेल विद एआई' कार्यशाला संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में बीबीए एवं एमबीए प्रथम वर्ष के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। एचएसबी के डीन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने कहा कि एक्सेल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का व्यावहारिक ज्ञान विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं भविष्य के कार्यक्षेत्र में भी उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त ज्ञान को वास्तविक कार्यों से जोड़ने तथा नई तकनीकों के प्रति आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यशाला में वरिष्ठ प्रशिक्षक रजत नागपाल, सुमन गौतम एवं प्रशिक्षक तरुणा ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थियों को बदलते कार्यक्षेत्र में आंकड़ों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते महत्व से अवगत करवाते हुए इनके व्यावहारिक उपयोग पर विशेष जोर दिया।



इतिहासकार डॉ. एमएम जुनेजा की पुस्तक का हुआ विमोचन

हिसार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मिडटाउन ग्रैंड में प्रसिद्ध इतिहासकार एवं लेखक डॉ. एम. एम. जुनेजा की नवीनतम शोधपरक पुस्तक 19वीं शताब्दी में जन्मे हरियाणा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी का लोकार्पण पूरे उत्साह के साथ किया गया। सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित संस्था वॉयस ऑफ हिसार के तत्वावधान में आयोजित किए गए इस समारोह में हिसार व अन्य जिलों से सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री व विधायक सावित्री जिंदल ने की और गांधीवादी विचारक के. के. शारदा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अशोक गर्ग व वरिष्ठ अधिवक्ता पी. के. संधीर विशिष्ट के रूप में अतिथि मौजूद रहे। उच्चतर शिक्षा हरियाणा की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. अलका शर्मा बोस ने विशिष्ट वक्ता के रूप में इस पुस्तक पर अंतर्दृष्टि युक्त अपने विचार प्रस्तुत किए। जाने-माने साहित्यकार डॉ. अश्विनी शांडिल्य ने समारोह में मंच संचालन का दायित्व बखूबी निभाया। इस दौरान वॉयस ऑफ हिसार के संयोजक व प्रवक्ता राकेश अग्रवाल ने लेखक डॉ. एम. एम. जुनेजा के जीवन के विभिन्न पड़ावों की विस्तार से चर्चा की। समाजसेवी जगदीप भार्गव ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर इतिहासकार डॉ. एम. एम. जुनेजा ने नवरचित पुस्तक के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में हरियाणा का अविस्मरणीय योगदान रहा। 1857 की क्रांति के समय हरियाणा की आबादी 36 लाख थी लेकिन 24 हजार लोगों ने शहादत देकर देशभक्ति की अदभुत मिसाल कायम की।

सरेआम सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी काबू

हांसी। सार्वजनिक स्थानों पर सरेआम सट्टा खाईवाली करने वालों के खिलाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

आरोपियों के कब्जे से 25200 रुपये की नकदी बरामद हुई

सीआईए -1 की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सट्टा खाईवाली करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 25,200 रुपये की नकदी बरामद हुई। सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई सेक्टर-5 हांसी में कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पीछे की गई। यहां पुलिस टीम ने सट्टा खाईवाली करते हुए जगन्नाथ मंडी निवासी सुमित उर्फ गंजा को काबू किया। आरोपी के पास से 13,500 रुपये की नकदी, सट्टा पर्ची और बाल पेन बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बोगस ग्राहक के माध्यम से सट्टा लगवाने की पुष्टि होने के बाद आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई ऑटो मार्केट हांसी में की गई, जहां पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए दीपल निवासी राजेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11,700 रुपये बरामद किए गए।

एडवोकेट मेहता ने बताए प्रैक्टिस और करियर के गुर



हिसार। हिसार कोर्ट के अधिवक्ता प्रवेश मेहता ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में लॉ विद्यार्थियों को गेस्ट लेक्चर दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को लॉ के क्षेत्र में प्रैक्टिस शुरू करने, करियर की संभावनाओं और इस क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए आवश्यक गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडवोकेट प्रवेश मेहता ने विद्यार्थियों को बताया कि लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद केवल वकालत तक ही सीमित रहने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि कानून के क्षेत्र में करियर के कई अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी न्यायिक सेवा में जाकर न्यायाधीश बन सकते हैं, सरकारी अधिवक्ता, लॉ ऑफिसर, कॉर्पोरेट लॉ, लीगल कंसल्टेंसी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना सकते हैं। गेस्ट लेक्चर के दौरान एडवोकेट प्रवेश मेहता ने विशेष रूप से फर्स्ट जेनरेशन लॉ स्टूडेंट्स को भी मार्गदर्शन दिया।

धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं : सोनू सिहाग

नारनौंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के दिव्य विजन और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व से प्रेरणा लेते हुए हिसार जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग द्वारा गांव खानपुर के खेल स्टेडियम में 'सेवा संकल्प अभियान पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुधारने का संदेश दिया। सोनू सिहाग ने बताया कि के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के दिखाए मार्ग पर चलते हुए विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिस प्रकार विकास कार्यों को गति दे रहे हैं और समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ संवाद किया तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बूरा, सरपंच रामपाल कादियान, मास्टर अजमेर, पवन खानपुर, पू सतीश, सतीश, सज्जन, प्रेम कुमार, सोशल मीडिया सह प्रभारी कपिल गुराना आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। जिला परिषद अध्यक्ष सोनू डाटा पौधरोपण करते हुए।

उत्तम नगर में पं. यशोदानन्दन कल से कहेंगे भागवत कथा

हिसार। उत्तम नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। मंडल की सेवादार नीटा नागपाल व आशु सपड़ा ने बताया कि कथा के पहले दिन प्रातः 10 बजे कथा वाचक पं. यशोदानन्दन महाराज के सान्निध्य में आसपास के क्षेत्रों में कलश यात्रा निकाली जाएगी। गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा त्रिलोचन सिंह ने बताया कि कथा रोजाना दोपहर बाद 3 से 6 बजे तक होगी। कथा के अंतिम दिन हवन करके कथा को विश्राम दिया जाएगा।

बंदियों के लिए केंद्रीय जेल-2 में कंप्यूटर लैब की सुविधा शुरू

हिसार। केंद्रीय जेल-2 में बंदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण और व्यावसायिक कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंप्यूटर लैब शुरू की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायाधीश-कम-सचिव अशोक कुमार ने कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक रमेश कुमार सहित जेल अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में बंदी मौजूद रहे। कंप्यूटर लैब के लिए कंप्यूटरों की व्यवस्था एस.टी. फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से की गई है। एसटी फाउंडेशन के निदेशक कमल दीप जैन तथा इंडिया विजन फाउंडेशन, नई दिल्ली के रवि श्रीवास्तव और सुनील कुमार ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

चेयरमैन ठकराल ने अनाजमंडी के व्यापारियों की सुनीं समस्याएं



नारनौंद। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल से नारनौंद अनाज मंडी के व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने अनाज मंडी से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं को चेयरमैन के समक्ष रखा। राजेश ठकराल ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों एवं आढ़तियों को आश्वासन दिया कि नारनौंद के व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मंडल अध्यक्ष कर्मपाल दूहन, राजेंद्र लांबा, राममेहर लोहान, पार्षद पिंकू, पार, शंटी भुजैजा, सौरव कथूरिया, सब्जी मंडी प्रधान अनिल चावला, संजय ग्रोवर, अनिल सैनी, मुकेश चराया सहित अनेक व्यापारी एवं व्यापारी नेता मौजूद रहे।



वेद झंडई की जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

हिसार। 115 बार रक्तदान करने वाले समाजसेवी स्व. वेद झंडई की जयंती पर सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया गया। थैलासिमिया वेलफेयर सोसायटी हिसार एवं पतंजलि योग समिति, हिसार के संयुक्त तत्वावधान में लगे शिविर का शुभारंभ स्व. वेद झंडई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 115 बार रक्तदान कर स्व. वेद झंडई ने समाज के समक्ष सेवा और समर्पण की जो मिसाल कायम की है, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगी। शिविर में स्वर्गीय वेद झंडई के सुपुत्र सौरभ झंडई ने 41वीं बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सिविल हॉस्पिटल हिसार के ब्लड बैंक इंचार्ज ने थैलेसीमिया और रक्त संबंधित रोगों के बारे में जानकारी सांझा की। शिविर में थैलासिमिया वेलफेयर सोसायटी हिसार की प्रधान पुष्पा झंडई, सचिव तनु वर्मा ठकराल, सौरभ झंडई, कोषाध्यक्ष प्रतीक आर्य, अमित झांब, अनिल कुमार ठकराल, कपिल नागपाल, नूशन नागपाल, जी.सी. नारंग, पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी ईश आर्य, जिला प्रभारी मुकेश, वीरेंद्र बडाला, सुनील कक्कड़, सुरेंद्र कुमार हिन्दुस्तानी, राजेंद्र सपरा, महेंद्र सपरा, तरुण गेरा, डॉ. सुरेश जायसवाल, नगर पार्षद राजेश अरोड़ा, अमित, विशाल व विनय मल्होत्रा ने सहयोग किया।

लीडिंग एंजल स्कूल के सुशांत ने जीता सिल्वर



हिसार। लीडिंग एंजल पब्लिक स्कूल के छात्र सुशांत ने कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय प्रांगण में छात्र का जोरदार स्वागत किया गया। प्राधानाचार्य बिमला दलाल ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सुशान्त को कड़ी मेहनत , लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। विद्यालय प्रबन्धन ने भरोसा दिया कि खेलकूद और शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की हर सम्भव मदद की जाएगी।

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की आधारशिला

- एनएसएस की 3.5 किलोमीटर जागरूकता रैली में 250 स्वयंसेवकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते कुलसचिव डॉ. विजय कुमार।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' विषय पर 3.5 किलोमीटर लंबी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में लगभग 250 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता के नेतृत्व में किया गया, जबकि रैली का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गुंजन मुंजाल ने किया। रैली में स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामस्वरूप, डॉ. सुमित शर्मा एवं डॉ. खुशबू सेठी ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पदयात्रा की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखकर ही स्वस्थ, सशक्त और विकसित समाज की आधारशिला तैयार की जा सकती है।

नारों से गूंजा विवि परिसर

रैली के दौरान 'नशा मुक्त भारत', 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत' सहित विभिन्न जागरूकता नारों से विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा। स्वयंसेवकों के हाथों में नशामुक्ति और स्वस्थ जीवन का संदेश देती तख्तियां एवं स्लोगन आकर्षण का केंद्र रहे। स्वयंसेवकों ने पदयात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। डॉ. संजय परमार ने कहा कि उपस्थित स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेवकों ने नशे से दूर रहने, दूसरों को नशे से बचाने तथा स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

लुवास की पलक शर्मा रही प्रथम

हिसार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का सफल संचालन वर्ग अनुदेशक ललित कुमार और दीपक कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। कड़े मुकाबले के बीच निर्णायक मंडल के फैसले के आधार पर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की कुमारी पलक शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, एफसी कॉलेज हिसार की पलक ने द्वितीय और एसएसए इंग्लिश आईटीआई हिसार के अंकित ने तृतीय स्थान हासिल किया। संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील सचदेवा ने सभी विजेता व प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी।

जाट कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया

हिसार। छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एनसीसी एयर विंग के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनसीसी एयर विंग इंचार्ज डॉ. राकेश ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छता आदर्शों को विद्यार्थियों तथा जन-जन तक पहुंचाना रहा। एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया की अगुवाई में कॉलेज परिसर में श्रमदान किया। इस अवसर पर जिला विकास पंचायत अधिकारी हिसार नरेन्द्र सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने नई पीढ़ी के मन में स्वच्छता के प्रति एक नई जागृति पैदा की है जिसके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेंगे।

रैली से स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का संदेश दिया

हिसार। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सीसवाला गांव में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेरा युवा भारत केंद्र, हिसार एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, केंद्र सरकार के तत्वावधान में आयोजित हुआ। इसमें सैनिक मॉडल स्कूल रावलवास, सनराइज हाई स्कूल डोभी एवं आजाद हिंद यूथ क्लब गांव किरतान ने सहयोग किया। अभियान के दौरान युवाओं ने गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। युवाओं ने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा कूड़ा-कचरे का उचित निपटान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रमेश किरतान, प्रोमिल आर्य, हर्षित, अनिता आर्य, मनजीत, दीपक कुमार, क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, इंद्रावती, मोनु, सुमन, मीनाक्षी, पूजा, ज्योति, शिखा, स्नेहा, अंजलि, चंचल, अमन, सचिन, हिमांशु, समीर, राजेन्द्र सहित अन्य मौजूद रहे।

भाविप ने गांधी और शास्त्री को किया नमन

हिसार। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सह प्रकल्प प्रमुख सुमित मित्तल ने किया। इस अवसर पर उपस्थित परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद किया तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजेश जैन, सूर्य गोयल, आशीष जैन, अमर गोयल, अशोक गर्ग तिलकधारी तथा राजकुमार गर्ग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत चलाया सफाई अभियान

गांधी-शास्त्री के आदर्शों को जीवन और व्यवहार में अपनाना भी जरूरी

• लाल बहादुर शास्त्री को भी दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेवा संकल्प अभियान-2026 और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महात्मा गांधी की जयंती पर नगर निगम ने गांधी चौक के आसपास सफाई अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत मेयर प्रवीण पोपली ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। उन्होंने कहा कि ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को केवल स्मरण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने जीवन और व्यवहार में अपनाना भी आवश्यक है। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, सिटी मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, पार्षद नवीन, पार्षद ज्योति वर्मा, एपीओ सुनील वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अनिल जैन, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, एसआई कपिल, एएसआई राहुल सैनी, राहुल पंवार, विजेता, सरोज, सन्नी और रोहित, सीटीएल प्रदीप जाखड़, ग्रीन ड्रीम फाउंडेशन से रेनू सिंह, पूर्व सीएसआई राजकुमार और यूनियन प्रधान सुरेंद्र सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य।

महात्मा गांधी ने स्वच्छता को माना महत्वपूर्ण

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। उनकी जयंती पर नगर निगम द्वारा सफाई अभियान आयोजित कर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर गांधी चौक से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इसके अतिरिक्त सिरसा चुंगी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



हिसार। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि करते कांग्रेसी।

सत्य, अहिंसा, सामाजिक समरसता अपनाकर ही हम समृद्ध भारत के निर्माण में दे सकते हैं योगदान

हिसार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) की ओर से जिला कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिला अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि सत्य, अहिंसा, आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता, सादगी और जनसेवा के मूल्यों को अपनाकर ही हम एक मजबूत, समृद्ध और समावेशी भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, अनूप सरसाना, मास्टर विनोद लॉयल, जगदीश इंदौरा, रमेश श्योरान, गायत्री देवी, दयापाल भढ़िया, एडवोकेट पवन कुमार, एडवोकेट कमला सहरावत, संतोष जून आदि मौजूद रहें।

- कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि



हिसार। सफाई अभियान चलाते एनसीसी कैडेट्स। फोटो: हरिभूमि

एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती पर लुवास में चलाया स्वच्छता अभियान

- स्वच्छता, अनुशासन व सामाजिक उत्तरदायित्व का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में प्रथम हरियाणा आरएंडवी स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य करते हुए कचरे का उचित निस्तारण किया। अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

डीएन कॉलेज में आज से सजेगा योगासन का मंच, हिसार-हांसी के खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

हिसार। हिसार-हांसी के योगासन खिलाड़ियों के लिए बहुप्रतीक्षित छठी जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 3 एवं 4 अक्टूबर को डीएन कॉलेज, में किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ी योगासन कौशल, अनुशासन और प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हिसार के मीडिया डायरेक्टर एवं कंपीटिशन मैनेजर सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि प्रतियोगिता में हिसार एवं हांसी जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए तकनीकी व्यवस्था, मंच, सुरक्षा, खिलाड़ियों की सुविधा सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का अवसर नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, आत्मविश्वास बढ़ाने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करती है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।



दो मिनट में तनाव दूर करने में मदद करती सत्य श्वास साधना



हिसार। तनावमुक्त एवं खुशहाल जीवनशैली के उद्देश्य से सामाजिक संस्था सजग एवं यज्ञ-हवन विश्व कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में चलाए गए एक वर्षीय सत्य श्वाससाधना सजग अभियान का समापन हो गया। इस अवसर पर मलिक चौक स्थित सजग के कार्यालय वास्तु हब में समापन गोष्ठी आयोजित की गई। सजग के प्रदेश अध्यक्ष एवं काउंसलर सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि मन को शांत एवं नियंत्रित रखने तथा समग्र स्वास्थ्य के लिए विकसित की गई सत्य श्वाससाधना एक सरल श्वास-ध्यान अभ्यास है। उन्होंने बताया कि इसका अभ्यास कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है। उनके अनुसार करीब दो मिनट के अभ्यास से चिंता, क्रोध, भय, चिड़चिड़ापन और तनाव जैसी मानसिक बेचैनी में राहत का अनुभव किया जा सकता है। वास्तु एवं लाइफ काउंसलर सत्यपाल अग्रवाल ने बताया कि एक वर्ष के दौरान आयोजित निशुल्क सत्रों में सत्य श्वाससाधना का अभ्यास करने वाले अनेक लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कुछ मिनट अभ्यास करने के बाद लोगों ने अपनी सांसों को अधिक धीमा और गहरा महसूस करने के साथ मन में शांति एवं एकाग्रता का अनुभव होने की बात कही।

अगले वर्ष जनवरी में होगी अग्निवीर भर्ती



हिसार। सेना भर्ती रैली की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते भर्ती निदेशक कर्नल दीपक चौहान तथा जिला प्रशासन के भर्ती नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र।

हिसार। सेना भर्ती कार्यालय हिसार द्वारा आगामी सेना भर्ती रैली की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन एवं तैयारियों के लिए प्रशासनिक स्तर पर समन्वय स्थापित किया गया है। भर्ती निदेशक कर्नल दीपक चौहान तथा जिला प्रशासन के भर्ती नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र के बीच एक प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान रैली से संबंधित प्रशासनिक सहायता, जन-जागरूकता अभियान तथा अन्य गतिविधियों के सुचारू संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि आगामी अग्निवीर भर्ती रैली, सेना भर्ती कार्यालय, हिसार परिसर में 16 से 24 जनवरी 2027 तक आयोजित की जानी प्रस्तावित है। भर्ती नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तावित रैली के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग एवं आवश्यक समन्वय का आश्वासन दिया गया। यह बैठक युवाओं तक प्रभावी पहुंच एवं भर्ती के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेना और नागरिक प्रशासन के बीच निरंतर सहयोग और समन्वय को दर्शाती है।

- आगामी सेना भर्ती के संबंध में अधिकारियों की बैठक आयोजित

लुवास के एनसीसी कैडेट्स ने कृषि मेले में किया घुड़सवारी का प्रदर्शन

- अनुशासन, आत्मविश्वास और घुड़सवारी कौशल से कैडेट्स ने दर्शकों को किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कृषि मेले में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की प्रथम हरियाणा आरएंडवी स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेट्स ने शानदार घुड़सवारी प्रदर्शन किया। कैडेट्स के प्रदर्शन ने कृषि मेले में पहुंचे किसानों, विद्यार्थियों और अन्य आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। मेले में बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी, पशुपालक एवं अन्य आगंतुक हिस्सा ले रहे हैं।



हिसार। घुड़सवारी प्रदर्शन करते एनसीसी कैडेट्स। फोटो: हरिभूमि

लुवास के एनसीसी कैडेट्स ने घुड़सवारी प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कैडेट्स ने घोड़ों के साथ विभिन्न कौशल एवं घुड़सवारी गतिविधियों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। उनके अनुशासन, आत्मविश्वास और घुड़सवारी कौशल की दर्शकों ने सराहना की। घुड़सवारी प्रदर्शन कृषि मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में किसानों और आगंतुकों ने कैडेट्स के प्रदर्शन का आनंद लिया।

ग्रामीणों को जल संरक्षण बारे किया जागरूक

हिसार। रिफॉर्म उत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिले के विभिन्न गांवों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल, जल वितरण प्रणाली और वाटर क्वालिटी के बारे में जागरूक किया गया। इसी कड़ी में बरवाला ब्लॉक की ग्राम पंचायत खेदड़ में आयोजित ग्राम सभा के दौरान कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी आदर्श सिंगला ने ग्रामीणों की पानी से संबंधित समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के लिए कनिष्ठ अभियंता अनिल धतरवाल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभाग के जिला सलाहकार बिनोद कुमार ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत राजली, सिंधड़ और खानपुर में बीआरसी रमेश मलिक ने, हिसार प्रथम खंड के गांव मंगाली में कार्यकारी अभियंता बलकार रेड्डू ने, आदमपुर खंड के गांव सीसवाल में उपमंडल अभियंता रामकिशन जांगड़ा ने, सुंडावास में बीआरसी मनफूल सिंह ने, अग्रोहा ब्लॉक के गांव खासा महाजन में सुभाष भुक्कल तथा उकलाना खंड के गांव साहू में प्रदीप ढिल्लो ने जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को पानी की बचत और संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीआरसी संदीप सिंह और कनिष्ठ अभियंता विनोद शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- रिफॉर्म उत्सव पर जिले के विभिन्न गांवों में लगी विशेष ग्राम सभाएं



हिसार। कृषि मेला का भ्रमण करते ओएसजीयू के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

ओएसजीयू के विद्यार्थियों ने किया एचएयू के किसान मेले का शैक्षणिक भ्रमण

हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) कृषि विभाग के 62 विद्यार्थियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रबी किसान मेले का शैक्षणिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने विद्यार्थियों को संदेश के माध्यम से प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का सदैव यह प्रयास रहता है कि छात्रों को केवल किताबी ज्ञान न देकर व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाए। इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें उनके क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों और उनके समाधान को समझने में मदद करते हैं। इस भ्रमण का मकसद किसान मेले के दौरान विद्यार्थियों को रबी फसलों की उन्नत किस्मों और उनके उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, प्रयोगशाला अनुसंधान के खेतों तक हस्तांतरण की प्रक्रिया को समझाना एवं कृषि-उद्यमिता जैसे विषय से अवगत कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक एवं ग्रुप सीओओ एंड प्रोवोस्ट डॉ अजय कुमार पोद्दार ने विद्यार्थियों को इस भ्रमण के लिए रवाना किया। एग्रीकल्चर विभाग कि इस शैक्षणिक भ्रमण यात्रा को सफल बनाने में विभाग के शिक्षक डॉ सचिन व शाइनी ने अहम योगदान दिया एवं विद्यार्थियों को अच्छे से गाइड किया।

गुजवि के पांच विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

हिसार। गुजवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से प्रतिष्ठित कंपनियों फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड तथा मदरसन ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज एंड इंजीनियरिंग के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के 2026 पासिंग आउट बैच के पांच विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिली है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए, कुलपति प्रो. विजय कुमार ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों की सराहना की। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि एमबीए आईबी से करण सैनी, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स से राहुल यादव और एमबीए हेल्थ केयर से पवन कुमार को फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित किया गया है। इस प्लेसमेंट ड्राइव का कोऑर्डिनेशन एमबीए जनरल के जोगेंद्र शेखावत ने किया। उन्होंने आगे बताया कि बीटेक एमई से यतेंद्र व विवेक को मदरसन ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज एंड इंजीनियरिंग में चयनित किया गया है।



बरवाला में कैबिनेट मंत्री गंगवा ने नशा मुक्ति और बेटी बचाओ की दिलाई शपथ

बरवाला। प्रदेश में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को बरवाला के सिविल अस्पताल में नागरिक सहभागिता सशक्तिकरण एवं सेवा वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया और रक्तदान करने वाले युवाओं व रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। रक्तदाताओं के सेवा भाव को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की एक-एक बूंद के माध्यम से जरूरतमंदों का जीवन बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी रक्तदाता समाज में सबसे पुनीत और पुण्य का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने अस्पताल परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक रहने तथा बेटी बचाओ के संकल्प की सामूहिक शपथ दिलवाई। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन रमेश चंद्र बैटरी वाला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती, पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू, देवेंद्र देव, डिप्टी सीएमओ डॉ. सुभाष खतरेजा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

- रक्तदाताओं की सराहना भी की

मीरकां में मुफ्त स्वास्थ्य एवं योग शिविर आज

हिसार। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयुष विभाग की ओर से तीन अक्टूबर को गांव मीरकां के विकास केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य एवं योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं योग प्रशिक्षण निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर के संयोजक युवा भाजपा नेता योगेश मीरकां ने बताया कि शिविर में विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा।



आदमपुर। पौधरोपण अभियान चलाते स्वयंसेवक एवं शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

आदमपुर। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' थीम पर संस्थान की एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने संस्थान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं तथा अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर गुलशन भयाना, बिजेंद्र चंदेलिया, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, सोमबीर सहित संस्थान के सभी छात्र उपस्थित रहे।

नई शिक्षा नीति खत्म, कच्चे कर्मी पक्के व टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग

शिक्षा बचाने के लिए शिक्षकों ने किया सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में सार्वजनिक शिक्षा को बचाने की मांग को लेकर सत्याग्रह करते हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला इकाई ने सार्वजनिक शिक्षा को बचाने की मांग को लेकर सत्याग्रह किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सत्याग्रह का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया।

सत्याग्रह के दौरान केंद्र व हरियाणा सरकार की नई शिक्षा नीति को जनविरोधी बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की गई। वक्ताओं ने सभी कच्चे कर्मचारियों, अतिथि अध्यापकों तथा विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों को नियमित करने की मांग उठाई। इसके साथ ही शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई। राज्य उपप्रधान अलका और पवन कुमार ने बताया कि स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान जंतर-मंतर पर अनशन भी किया जाएगा। इस अवसर पर राजकीय अतिथि अध्यापक संघ की राज्य कमेटी सदस्य रेखा देवी, जिला प्रधान मेवा सिंह पिलानिया, बिजेंद्र सिंह, संदीप मिरका, बाबूलाल, रामचंद्र चालिया, दलबीर भादू, सुभाष शर्मा, राजेश जागलान, नरेंद्र कुमार, अशोक यादव, राजेंद्र कुमार, कृष्ण भर्री, अशोक शर्मा, फकीर चंद, राजेश मेहरा, सविता देवी, सतबीर सिंह, कांता हुड्डा तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव ओमप्रकाश माल सहित अन्य कर्मचारी व शिक्षक मौजूद रहे।

आपातकाल जैसी स्थिति

सत्याग्रह को पूर्व सांसद सुहासिनी अली ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय बंद करने की नीतियों से वंचित वर्ग और लड़कियां सबसे अधिक प्रभावित होंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति होने की बात कही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005